वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 08 | शुक्रवार 3 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

जज पवन गर्ग बोले-एचसी में न्यायिक अधिकारियों का कोटा बढ़े

33 की जगह 50 प्रतिशत हो कोटा, अभी वकीलों को मिल रहा ज्यादा कोटा

जयपुर. कासं

अखिल भारतीय न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जज पवन कुमार गर्ग का कहना है कि हाईकोर्ट जजों के एलिवेशन (नियुक्ति) में न्यायिक अधिकारियों का कोटा बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि हाईकोर्ट में न्यायिक अधिकारियों को मिल रहे 33 प्रतिशत कोटे को बढ़ाकर 50 प्रतिशत करवाया जाए। जज पवन कुमार गर्ग राजस्थान न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। अब उन्हें अखिल भारतीय न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आज जयपुर पहुंचने पर साथी जजो और पारिवारिक बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर जद पवन कुमार ने गर्ग ने कहा कि एक न्यायिक अधिकारी सिविल जज के रूप में सेवा में आता हैं। डिस्ट्रिक्ट जज में 25 प्रतिशत कोटा वकीलों को और 75 प्रतिशत कोटा प्रमोशन और एग्जाम के जरिए जजों का तय हैं लेकिन डिस्ट्रिक्ट जज बनने के बाद हाई कोर्ट में एलिवेशन का कोटा वकीलों का 67 प्रतिशत और जजों का 33 प्रतिशत है। ऐसे में अधिकतर न्यायिक अधिकारी डिस्ट्रिक्ट जज के पद से ही रिटायर हो जाते है। वे हाई कोर्ट जज नहीं बन पाते हैं। ऐसे में प्रयास रहेगा कि न्यायिक अधिकारियों का कोटा 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए।

जयपुर में हो सकती है पहली कॉन्फ्रेंस: एसोसिएशन में उत्तर प्रदेश न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष रणधीर सिंह को महासचिव, दिल्ली न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र जंगाला को द्वितीय महासचिव, दिल्ली के नवीन कश्यप को संयुक्त सचिव और दिल्ली के ही गौरव दहिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राजस्थान के अनूप कुमार पाठक, कश्मीर के फैय्याज कुरेशी और उत्तर प्रदेश निवासी हरेन्द्र सिंह को राज्य के प्रतिनिधी के रूप में एसोसिएशन में शामिल किया गया है। इसके साथ ही एसोसिएशन की शेष कार्यकारिणी की गठन जल्द ही किया जाएगा। वहीं एसोसिएशन की पहली कॉन्फ्रेंस 2025 के फरवरी या मार्च माह में जयपुर अथवा दिल्ली में आयोजित करवाई जा सकती हैं।

डिस्ट्रिक्ट जज में 25 प्रतिशत कोटा वकीलों को और 75 प्रतिशत कोटा प्रमोशन और एग्जाम के जरिए जजों का तय हैं लेकिन डिस्ट्रिक्ट जज बनने के बाद हाई कोर्ट में एलिवेशन का कोटा वकीलों का 67 प्रतिशत और जजों का 33 प्रतिशत है। ऐसे में अधिकतर न्यायिक अधिकारी डिस्ट्रिक्ट जज के पद से ही रिटायर हो जाते है।

जजों को मिलनी चाहिए सुरक्षा

जज पवन कुमार गर्ग ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को देश में एक समान सुरक्षा व सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों में न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षा प्रदान की गई हैं। लेकिन अधिकतर राज्यों में ऐसा नहीं है। जबकि न्यायिक अधिकारियों को सुरक्षा मिलना बेहद जरूरी हैं। जिससे वे निश्चिंत होकर अपना काम कर सके। इसके साथ ही कई राज्यों में पूर्ण रूप में और कुछ राज्यों में आंशिक रूप से सुप्रीम कोर्ट के द्वितीय पे-कमिश्न की पूरी तरह से पालना नहीं हुई हैं। इसे लेकर भी कानूनी लड़ाई लड़ने की उन्होंने बात कही। बुधवार को दिल्ली में अखिल भारतीय न्यायिक अधिकारी एसोसिएशन की एग्जिक्यूटिव बॉडी का गठन किया गया। जिसमें महाराष्ट्र के न्यायिक अधिकारी डॉ अजय नथानी को अध्यक्ष, पवन कुमार गर्ग को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया।

एडीजी प्रियदर्शी को एसीबी से हटाया, मेहरड़ा को डीजी लगाया

जयपुर. कासं

राज्य सरकार ने गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के तीन अधिकारियों के तबादले किए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो(एसीबी) की कमान अब सरकार ने 1990 बैच के आईपीएस अफसर रवि प्रकाश मेहरडा को सौंपी है। मेहरडा अभी तक डीजी एससीआरबी थे। अब सरकार ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं। वहीं, एसीबी में करीब सवा साल से कार्यवाहक डीजी का पद संभाल रहे एडीजी हेमंत प्रियदर्शी को एसीबी से हटाकर एडीजी एससीआरबी में भेज दिया गया है। वहीं, सरकार ने आईपीएस सचिन मित्तल को एडीजी भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड में लगाया है। हेमंत प्रियदर्शी को हटाने के पीछे कुछ दिनों में एसीबी की गिरती परफॉर्मेंस से जोड़कर भी देखा जा रहा है। एसीबी डीजी होने के कारण प्रियदर्शी की इसमें जिम्मेदारी तय की गई थी। इसी तरह से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में भी एसीबी की परफॉर्मेंस उम्मीद के मुताबिक नहीं रही थी। इसके बाद पूरे मामले की जांच अब जयपुर कमिश्नरेट पुलिस कर रही रही है। **एकल पट्टा मामले में एसीबी ने कहा था कि कोई मामला नहीं बनता:** सरकार की तरफ से जवाब में एसीबी ने 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि एकल पट्टा प्रकरण में कोई मामला नहीं बनता है। एकल पट्टा प्रकरण में पूरी तरह से नियमों की पालना की गई थी। वहीं, इसमें राज्य सरकार को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान भी नहीं हुआ है। ऐसे में शांति धारीवाल सहित अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी थी। इससे सरकार की किरकिरी हुई थी। हालांकि इस मामले में सरकार पहले ही आरपीएस सुरेंद्र सिंह को एपीओ कर चुकी है।

तीर्थ भूमि पर स्वयं का चौका लगाकर आहार दान देने से विशेष पुण्य मिलता है: मुनि पुगंव श्री सुधासागजी महाराज

मुनि पुगंव का संघ सहित चल रहा है कुंडलपुर से विहार

अन्य संघों के विहार का क्रम जारी: विजय धुर्रा

हिंडोरिया, दमोह। तीर्थ भूमि पर जो स्वयं चौका लगाकर के आहार दान दे रहे है वे तब से पुण्य कमा रहे है जब से घर निकलकर तीर्थ क्षेत्र पर पहुंचे हैं तीर्थ क्षेत्र पर चौका लगाकर वे पात्रों को दान देने की भावना हर समय भा रहे हैं और जो तात्कालिक चौके में जा रहे है वह आपका व्यवहार है आगम से ऐसी कोई परम्परा नही की आप दूसरे के चौके में जा कर आहार दें फिर भी आपका ये व्यवहार चलता है चक्रवर्ती नौकरों के हाथ का भोजन करता है लेकिन जब चौका लगता है तब रानी ही स्वयं भोजन बनाती है, हा बाहर के कार्य की बात अलग है आज तो आपकी सरकार में बैठे लोग भी वेतन ले रहे हैं तो बाहरी कार्य आप किसी से भी करा सकते हैं उक्त आश्य के उद्गार मुनि पुगंव श्री सुधासागजी महाराज ने हिंडोरिया दमोह में जिज्ञासा समाधान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए

मुनि श्री अजित सागरजी मुनि श्री विनम्र सागरजी महाराज का सानिध्य मिल रहा है: विजय धुर्रा

मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि निर्यापक श्रमण मुनि पुगंव श्री सुधासागजी महाराज मुनिश्री अजित सागरजी महाराज मुनिश्री विनम्ररसागरजी महाराज ससंघ के सानिध्य में जिज्ञासा समाधान हिंडोरिया में हुआ कुंडलपुर तीर्थ क्षेत्र से मुनि संघ का विहार जारी है उप संघों का विहार विभिन्न नगरों के लिए चल रहा है जिज्ञासा समाधान के पहले सत्र में मुनि श्री विनम्र सागरजी महाराज ने कहा कि जिज्ञासा समाधान के माध्यम से आप अपनी शंका का समाधान स्वयं समाधान परम पूज्य निर्यातक श्रमण मुनि श्री सुधासागरजी महाराज के श्री मुख से प्राप्त कर सकते हैं

अभी दुःख कम है उसमें अधिक दुःखी होकर तीव्र कर्म का बंध कर लेते हैं

मुनि श्री अजित सागरजी महाराज ने कहा कि महा महोत्सव के वाद सभी संतों का अपने अपने गंतव्य की ओर विहार हो रहा है आज आपको तीन तीन संघों का सानिध्य जिज्ञासा समाधान में मिल रहा है इस दौरान मुनि पुगंव श्री सुधासागजी महाराज ने कहा कि दुख मनाना, शोक करना, जोर जोर से रोना, दूसरे को दुःखी करना ये सब असाता वेदनीय कर्म के बंध के कारण है। अभी दुःख कम है लेकिन व्यक्ति उसमे और अधिक दुःखी होता है तब ऐसे कर्म का बन्ध होगा कि उसे और दुःखी होना पड़ता है।

सकलीकरण करने के वाद विधान आदि में सूतक नहीं लगता

मुनि पुगंव ने कहा कि सकलीकरण करने के बाद यदि विधान के दौरान सूतक होने पर आप घर नही जायेंगे, घर का भोजन नही करेंगे, घर के वस्त्र आभूषण आदि ग्रहण नही करेंगे तो फिर आप पूरा विधान कर सकते है। यदि आप घर जाते है या घर की चीजो का प्रयोग करते है तब बराबर सूतक लगेगा और विधान छोड़ना पड़ेगा सूतक आदि से वचने के लिए घर का त्याग अवश्य है जिन महापुरुषों के सम्बन्ध में सत्य स्वरूप विभिन्न प्रकार का हो जाये कि सत्य स्वरूप कौन सा है, उनका भाव पक्ष लेकर उनकी आदर्शता ग्रहण कर लेना चाहिए पूज्यता में यह निर्णय होना चाहिए कि भगवान का यह ही स्वरूप है, यदि पूज्यता का निर्णय नही हो पा रहा है तब आप उसे आदर्श के रूप में ग्रहण करे उन्होंने कहा कि देश के ऊपर उपकार होता है धन बुरा या भला नही होता, उसका उपयोग अच्छा-बुरा होता है। गृहस्थ यदि सबसे अधिक धर्म कर सकता है तो धन के माध्यम से। दान से वो वैभव बढ़ता है जिस वैभव से वो धर्म को उँचाईयाँ देता है। व्रतों के पालन करने के लिए भी धन की जरूरत है। प्राकृत भाषा वर्तमान में विचारों के आदान-प्रदान का कारण नही रही इसलिए प्राकृत भाषा गौण होती जा रही है।

गृहस्थ को कोई भी मूर्ति घर में नहीं रखना चाहिए

उन्होंने कहा कि गृहस्थ को कोई भी पीठ सहित मूर्ति आदि घर मे नही रखना चाहिए, हां काँच जड़ित फोटो रख सकते है। जो रखी है उनको गहरे पानी आदि में विसर्जित कर देना चाहिए जितने भी अकृत्रिम चीजे है- अकृत्रिम जिनालय सब पृथ्वीकायिक है, जैसे आकाश में सूर्य, चन्द्रमा, जम्बू वृक्ष ये भी पृथ्वीकायिक है। इनमे निरन्तर जीव बन रहते है, लेकिन वही जीव नही, अधिकतम पृथ्वीकायिक जीवों की उम्र 22 हजार वर्ष होती है, इससे ज्यादा नही, दूसरे जीव उतपन्न होते रहते है लेकिन आकार में परिवर्तन नही आता।

टीरा ब्यूटी ने लॉन्च किया नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स आवर वे'

नई दिल्ली. शाबाश इंडिया। सौंदर्य उत्पादों के बाजार में 'टीरा' ब्यूटी ने एक बार फिर हलचल मचा दी है। रिलायंस रिटेल से जुड़ी टीरा ब्यूटी ने अपने ब्यूटी प्रोडक्ट्स की रेंज को मजबूती देते हुए एक नया प्राइवेट लेबल ब्रांड 'नेल्स आवर वे' लॉन्च किया है। इस नई नेल पॉलिश प्रोडक्ट लाइन में, प्रीमियम नेल कलर और केयर उत्पादों की एक विस्तृत रेंज ग्राहकों को मिलेगी। कंप्लीट लुक की चाह रखने वाले ग्राहकों के लिए ''नेल्स आवर वे'' के प्रोडक्ट्स, ऑफिस से लेकर शादी समारोह तक के लिए परफेक्ट मैच है। ''नेल्स आवर वे'' के बोल्ड और चमकदार रंगों वाले इस कलेक्शन में कई तरह की नेल पॉलिश शामिल हैं, जिनमें जेल वेल, स्विफ्ट ड्राई, ब्रीथ अवे और ट्रीट कोट नेल खास हैं। प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ दोनों में साथ देने वाले इस कलेक्शन में खूबसूरती के साथ नाखूनों को पोषण और सुरक्षा देने वाले प्रोडक्ट्स का भी लंबा लाइन-अप है। नो बंप बेस, क्यूटी केयर और टफन अप सॉल्यूशन सहित कई बेहतरीन नेल केयर उत्पाद प्रोडक्ट लाइन का हिस्सा हैं। मैनीक्योर के शौकिन ग्राहकों के लिए फ्रेंच 'एम अप और 'नेल्ड इट' जैसी किट्स भी उपलब्ध हैं। 'नेल्स आवर वे' कलेक्शन के प्रोडक्ट्स को टीरा ब्यूटी डॉट कॉम पर ऑनलाइन देखा जा सकता है।

गुरूमां विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में मनाया गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज का 62वां अवतरण दिवस

जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गायत्री नगर-ए, महारानी फार्म, जयपुर में गणिनी आर्यिका 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में प. पू. राष्ट्रसंत, गणाचार्य 108 श्री विराग सागर जी गुरुदेव का 62 वाँ अवतरण दिवस मनाया गया। जैन समाज के श्रद्धालुओं ने गणाचार्य श्री की भक्ति भावों के साथ पूजन अर्चन कर उनके चरणों में नमन किया। तत्पश्चात गुरुमाँ के श्री मुख से शांतिधारा का वाचन हुआ। पूज्य गुरुमाँ ने प्रवचन के दौरान जैन समाज को गणाचार्य गुरूवर का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि - 370 से भी अधिक भव्यात्माओं को दीक्षा देकर उनका कल्याण करने वाले आचार्य भगवन ने सहस्राधिक लोगों को मोक्ष मार्ग पर बढाया है। उनका जन्म हम सभी के लिए कल्याण का कारण है। पूज्य माताजी ससंघ के चरणों में शांतिनगर जैन समाज के पदाधिकारियों ने अल्प प्रवास हेतु श्रीफल समर्पित किया। गुरुमाँ की आहारचर्या दौलत छाबडा के निवास स्थान में निर्विघ्न सम्पन्न हुई। शाम 5 बजे आर्यिका ससंघ का मंगल विहार त्रिवेणी नगर की ओर हो रहा है।

जे पी एल किक्रेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ

इंदौर. शाबाश इंडिया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन रीजन ग्रुप के अंतर्गत खदछ मैच का शुभारंभ अटल खेल संकुल स्कीम नं 78 इन्दौर मे किया गया ।शुभारंभ नगर निगम सभापति मुन्ना लाल यादव , पुर्व पार्षद भरत देशमुख, वार्ड 34 पार्षद श्रीमती सीमा संजय चोधरी। फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, सुशील पांड्या, वितुल अजमेरा, आशीष जैन, संजय अहिंसा एवं रीजन ग्रुप के पदाधिकारी एवम समाज श्रेष्ठी उपस्थित रहे। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका ने अपने उद्बोधन में कहा कि रीजन ग्रुप के वितुल टीम खदछ मैच की टीम निशचित ही खदछ मैच मे इतिहास रचेगी।

निवाई में आचार्य धर्मसागर महाराज का 37वां समाधि अंतर्विलय दिवस धूमधाम से मनाया

शांतिनाथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना कर अनुष्ठान किया

विमल जोला. शाबाश इंडिया

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा संत निवास नसियां मंदिर मे आचार्य धर्म सागर महाराज के 37 वें समाधि अंतर्विलय दिवस पर संगीतमय शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किया गया। जिसमें विधानाचार्य सुरेश शास्त्री एवं अशोक भाणजा के मंत्रोच्चार द्वारा शांतिनाथ मण्डल विधान की रचना की। विधान से पूर्व श्रद्धालुओं को भगवान शांतिनाथ का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी के सानिध्य में विधान के सोधर्म इन्द्र द्वारा मण्डप पर पांच मंगल कलशों की स्थापना की गई। इस दौरान विधान मे विनय पाठ नवदेवता पूजा शांतिनाथ भगवान आचार्य धर्मसागर महाराज एवं आर्यिका रत्न आदिमति माताजी की पूजा अर्चना के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान की विशेष पूजा अर्चना की गई। जौंला ने बताया कि विधान के चार वलय मे 130 श्री फल अर्ध्य समर्पित किये। आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी ने धर्म सभा को संबोधित किया। समाजसेवी हितेश छाबड़ा एवं त्रिलोक रजवास ने बताया कि विधान के अन्त मे गाजेबाजे के साथ भगवान शांतिनाथ भगवान की आरती उतारी गई। इस अवसर पर राजेन्द सेदरिया सुनील चेनपुरा महेन्द्र चवंरिया पदम पीपलू त्रिलोक रजवास नेमीचंद सिरस महावीर प्रसाद छाबड़ा अजीत काला विवेक जैन मीनाक्षी बगड़ी सीमा सेदरिया शकुंतला छाबड़ा प्रियंका पराणा सुभाषिनी ललवाडी.सहित अनेक लौग मौजूद थे।

वेद ज्ञान

अनुभव से पैदा होती है समझ

जिंदगी की वास्तविक समझ अनुभव से पैदा होती है। हम अपनी क्षमताओं का समुचित आकलन और नियोजन अनुभव करके ही कर सकते हैं। अनुभव किए बगैर न तो हम अपनी जिंदगी जी सकते हैं और न ही अपने अंदर समाई दिव्य क्षमताओं का परिचय पा सकते हैं। इस सबको जानने, समझने और सही नियोजन करने के लिए हमें उसी रूप में उन्हें महसूस करना चाहिए। हम आखिर हैं कौन और हमारे अंदर क्या है, जो बाहर फूटकर आना चाहता है? क्षमताएं अंदर सुप्त रूप में पड़ी रहती हैं। इन्हें तभी जाग्रत कर निर्दिष्ट कार्य में नियोजित किया जा सकता है, जब हम इन्हें गहराई से महसूस करेंगे। इन्हें हम जितना महसूस करेंगे, उनकी पहचान उतनी ही अधिक होगी। क्षमताओं को महसूस करना बौद्धिक व्याख्या नहीं है और कोई तर्क भी नहीं है कि यह ऐसा होगा या नहीं होगा। इनके बारे में तभी सार्थक रूप से बताया जा सकता है, जब इनकी बारीकियों को हम महसूस करेंगे। जीवन में असीम क्षमताएं समाई हुई हैं, परंतु ये सोई पड़ी हैं। ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जो इन दिव्य विभूतियों से वंचित होगा। सभी में ऐसी महान विभूतियां समाई हुई हैं कि उनके एक अंश उभरकर सामने आने पर मनुष्य कहां से कहां पहुंच सकता है। जीवन की राहें कंटीले कांटों से अटी पड़ी हैं और इन कांटों को भेदकर गुलाब का सुखद स्पर्श किया जा सकता है। क्षमता को सतत प्रक्रिया से उभारा जा सकता है। निरंतर प्रयास से क्षमता निखरती है, परंतु इससे ठीक विपरीत रुक जाने से यह छिप जाती है, ढक जाती है। क्षमता राख की परतों में ढकी हुई होती है, जो इसे महसूस करता है, उसे अंगारों के समान धधका देता है। क्षमता की सही समझ और परिस्थितियों के सही नियोजन से विकास की ऐसी अविरल धारा फूट पड़ती है, जिसे हम 'प्रतिभा' कहते हैं। प्रतिभा कुछ नहीं है, बल्कि हमारी क्षमताओं और परिस्थितियों के बीच सामंजस्य स्थापित कर श्रेष्ठ और नया करने के लिए सतत अवसर तलाशने और उसे कर गुजरने के हौसले का नाम है। हम अपनी क्षमताओं को जितना अनुभव करेंगे, हमारी प्रतिभा उतनी ही विकसित होगी। जिंदगी अनुभव की सघनता और प्रगाढ़ता का भंडार है। जीवन को प्रगाढ़ता से अनुभव करने वाले को ही ज्ञानवान कहते हैं।

संपादकीय

मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में विलंब

इस आम चुनाव के पहले और दूसरे चरण में कम मतदान के आंकड़े आए, तो निर्वाचन आयोग पर सवाल उठने शुरू हो गए थे कि उसका मतदाता जागरूकता अभियान कारगर साबित क्यों नहीं हो पा रहा। अब उसने अंतिम आंकड़े जारी किए हैं, जो पिछले आंकड़ों से पांच से छह फीसद तक अधिक हैं। यानी दोनों चरण में छियासठ फीसद से अधिक मतदान हुए। यह एक संतोषजनक आंकड़ा कहा जा सकता है। मगर विपक्षी दलों ने

सवाल उठाया है कि निर्वाचन आयोग ने अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। ये आंकड़े पहले चरण के ग्यारह दिन और दूसरे चरण के चार दिन बाद आए हैं। अभी तक मतदान के चौबीस घंटों में अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे। फिर, विपक्षी दलों ने यह भी पूछा है कि आयोग ने मतदाताओं की संख्या क्यों नहीं बताई है। इस तरह चुनाव नतीजों में गड़बड़ी की शंका भी जाहिर की जाने लगी है। पहले ही विपक्षी दल और कई सामाजिक संगठन मतदान मशीनों में गड़बड़ी की आशंका जताते रहे हैं। निर्वाचन आयोग के चुनाव प्रक्रिया और परंपराओं का उचित निर्वाह न करने से उनका संदेह स्वाभाविक रूप से और गहरा होगा। यह समझना मुश्किल है कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी करने में इतना वक्त क्यों लगाया। मशीनों के जरिए मतदान कराने के पीछे मकसद यही था कि इससे मतगणना में आसानी होगी, मतदान से संबंधित आंकड़ों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाया जा सकेगा। मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई में हर मतदान केंद्र पर पड़े मतों की संख्या दर्ज होती है। इस तरह हर घंटे मतदान के आंकड़े जारी किए जाते हैं। हालांकि अंतिम आंकड़ा मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या से मिलान करने के बाद ही तय होते हैं। इसलिए मानकर चला जाता है कि मतदान मशीनों की केंद्रीय इकाई से मिले आंकड़ों में कुछ फीसद की बढ़ोतरी हो सकती है। मगर मतदान अधिकारियों के रजिस्टर में दर्ज संख्या की गणना करने में भी इतना वक्त नहीं लगता। जब इससे पहले मतदान समाप्त होने के अगले दिन अंतिम आंकड़े जारी कर दिए जाते थे, तो इस बार ऐसी क्या अड़चन आ गई कि ग्यारह दिन लग गए। फिर मतदाताओं की संख्या वेबसाइट पर बताने में क्या दिक्कत है। वह तो मतदाता सूची में दर्ज ही होती है। आज के डिजिटल युग में ऐसी सूचनाएं जारी करने में ज्यादा समय नहीं लगता। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराए, बल्कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बनाए रखे। अगर किसी विषय या बिंदु पर आम लोगों या राजनीतिक दलों को किसी प्रकार का संदेह या प्रश्न है, तो उसका निराकरण भी करे। पहले ही आम मतदाता के मन में यह धारणा बैठी हुई है कि मशीनों में गड़बड़ी करके मतों को इधर से उधर किया जा सकता है। फिर राजनेताओं के आपत्तिजनक बयानों और आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों पर पक्षपातपूर्ण रवैए के आरोप भी निर्वाचन आयोग पर लगते रहे हैं।

-राकेश जैन गोदिका

परिदृश्य

विवाह की वैधता

देश की सर्वोच्च अदालत ने हिंदू विवाह पर एक नई व्यवस्था देते हुए कहा है कि अगर अपेक्षित विवाह समारोह नहीं हुआ है, तो हिंदू विवाह अमान्य है। अदालत ने हिंदू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह की कानूनी आवश्यकताओं और पवित्रता को स्पष्ट करने की जो कोशिश की है, उस पर पूरी गंभीरता से गौर करने की जरूरत है। इस फैसले को समग्रता में नहीं समझा गया, तो हिंदू विवाह की वैधता को लेकर अक्सर सवाल उठेंगे। न्यायालय ने जोर दिया है कि हिंदू विवाह की वैधता के लिए सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों ओर सात फेरे) जैसे उचित संस्कार और समारोह जरूरी है। विवाद की स्थिति में समारोह के प्रमाण पेश करना जरूरी है। सात फेरों और समारोह का मूल्य समझाने की यह कोशिश ध्यान देने लायक है। इसमें कोई शक नहीं कि विवाह संस्कार का मूल महत्व पहले की तुलना में कम हुआ है, अब विवाह बहुतों के लिए एक दिखावा, मजबूरी या समझौता भर रह गया है। न्यायमूर्ति बी नागरत्ना ने अपने फैसले में बिल्कुल सही कहा है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है, जिसे भारतीय समाज में एक महान मूल्य की संस्था के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। हालांकि, विवाह की पवित्रता का आभास समाज में समय के साथ घटा है और उसमें सुधार की जरूरत है। जो लोग विवाह को मात्र एक पंजीकरण मानते हैं, उन्हें चेत जाना चाहिए। उन्हें सात फेरों का अर्थ समझना होगा। सात फेरों का अर्थ समझे बिना हिंदू विवाह को नहीं समझा जा सकता और सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले में ऐसी ही समझाइश की कोशिश झलकती है। अदालत ने यह भी साफ किया है कि हिंदू विवाह एक संस्कार है और यह नाच-गाने, खाने-पीने का आयोजन नहीं है। अपेक्षित विवाह समारोह होना चाहिए, उसके बिना मात्र पंजीकरण से विवाह वैध नहीं हो जाता है। दहेज या उपहार का आदान-प्रदान भी विवाह नहीं है और इसे रोकने के लिए कानून भी लागू है। कुल मिलाकर, अगर न्यायालय का संदेश यह है कि फिजूल के तमाशे-दिखावे से बचते हुए विवाह के मूल अर्थ को समझना चाहिए, तो यह सुखद और स्वागतयोग्य है। फिर भी अदालतों को सचेत रहना होगा कि ताजा फैसले के बाद विवाह पंजीकरण का महत्व कहीं कम न हो जाए। असंख्य विवाह बहुत जरूरी होने पर या सुरक्षा की दृष्टि से ही सुनियोजित ढंग से पंजीकृत किए जाते हैं। विवाह पंजीकरण का यह रास्ता अगर बंद न हो, तो समाज में अपेक्षाकृत ज्यादा उदारता बहाल रहेगी। हिंदू विवाह को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता की जरूरत है। पिछले वर्षों में कुछ खास हालात की वजह से अनेक ऐसे अदालती फैसले आए हैं, जिनके बाद विवाह संबंधी नियम-कायदों को सुलझाने की जरूरत बढ़ गई है। मिसाल के लिए, एक फैसला देखिए। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले दिनों यह माना कि हिंदू विवाह अधिनियम के अनुसार, हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान का समारोह जरूरी नहीं है। उस फैसले में भी सप्तपदी के महत्व को दर्शाया गया था। मध्य प्रदेश की एक परिवार अदालत के फैसले में महिला पक्ष को यह समझाया गया था कि सिंदूर लगाना एक विवाहित हिंदू महिला का धार्मिक कर्तव्य होता है। यह सवाल पूछा जा सकता है कि धार्मिक कर्तव्य बताने या तय करने का काम किसका है?

संस्थापित सितम्बर 1996

पंजीयन संख्या- 320 दिनांक 25.09.1996

परमपूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं
परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से संस्थापित

पू. संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर

के अन्तर्गत संचालित

सन्त श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय

के तत्त्वावधान में

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के उत्कृष्ट त्याग-तपस्या को समर्पित
उपकार महोत्सव के रुप में

पू. निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज



श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर

मंदिर सूची

क्र.सं.	मंदिरों के नाम	मंदिर अध्यक्ष/मंत्री	शिविर संयोजक
1.	श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, दुर्गापुरा, जयपुर	श्री प्रकाश चांदवाड, श्री राजेंद्र काला	चंदा सेठी, रेणू पाण्ड्या, रेखा पाटनी, संगीता काला, ऋतु चांदवाड़, विमला पाण्ड्या
2.	श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, चित्रकुट कॉलोनी, सांगानेर, जयपुर	श्री केवल चंद निमोडिया, श्री अनिल काशीपुरा	विजया अजमेरा, निधि पाटनी, सविता जैन, स्वर्णलता बिलाला, उषा पाण्ड्या
3	श्री चंदप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, पटेल नगर, झोटवाड़ा	श्री फूलचंद जैन, श्री रवि प्रकाश जैन	ज्ञानेंद्र जैन, सुरेंद्र जैन, अवधी जैन, सरिता जैन
4.	श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर 23 दिन वाला एयरपोर्ट	श्री विनय लुहाडिया, श्री विमल बाकलीवाल	अनीता बारदार, प्रिया छाबड़ा, पिंकी बाकलीवाल, सरिता मित्तल
5.	श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर हीरापथ, मानसरोवर, जयपुर	श्री सुभाष गंगवाल, श्री प्रकाश सांखुनिया	कान्ता पाटनी, पिंकी कासलीवाल, प्रीती छाबड़ा, अनिता लुहाड़िया, तारामणी गोधा,
6.	श्री दिगंबर जैन मंदिर वरूण पथ, जयपुर	श्री एम. पी. जैन, श्री ज्ञानचन्द बिलाला	रजनी गोधा, कृष्णा जैन, निधि लुहाड़िया, अनूप पाण्ड्या, अंजू जैन
7.	श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, 10 बी, जयपुर	श्री निहालचंद पाटनी, श्री जितेंद्र कुमार जैन	संगीता काला, निर्मला जैन, कान्ता कासलीवाल, इन्द्र कुमार जैन
8.	श्री मुल्तान दिगंबर जैन मंदिर आदर्श नगर, जयपुर	श्री नरेश जैन, श्री विशाल जैन	सुलोचना जैन, प्रकाश देवी जैन, नीतू जैन, सविता जैन
9.	श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर हरि मार्ग, सिविल लाईंस, जयपुर	श्री रमेश जैन, श्री शेखर काला	किरण बगड़ा, चंदनवाला जैन
10.	श्री दिगंबर जैन मंदिर ठोलियान, जौहरी बाजार, जयपुर	श्री अरूण ठोलिया, श्री निर्मल चांदकीका	मीना बिलाला, दीपिका जैन, सोनम जैन, माही शाह, मीनाक्षी जैन
11.	श्री दिगंबर जैन मंदिर जनता कॉलोनी, जयपुर	श्री प्रकाश जी पापड़ीवाल, श्री उजास जैन	दीप्ति जैन, सुनीता कासलीवाल, मीना अजमेरा, राज निगोतिया, समकित शास्त्री, प्रीति पापड़ीवाल
12.	श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर, महारानी फार्म, जयपुर	श्री कैलाश छाबड़ा, श्री राजेश बोहरा	मंजू जैन सेवा वाले, सुनीता काला, अनीता बड़जात्या, अरूण शाह,
13.	श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर महेश नगर, जयपुर	श्री पदम चन्द जैन, श्री पियूष जैन	शकुन्तला जैन, शान्ति जैन (सरस पार्लर), रूचि सौगानी, सोनिका जैन
14.	श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर राधा निकुंज, जयपुर	श्री कैलाश छाबड़ा, श्री विजय पाण्ड्या	दिनेश जैन, टीना जैन, अनिला बास्को, तरूण शाह
15.	श्री चंदाप्रभु पल्लीवाल दिगंबर जैन मंदिर शक्तिनगर, जयपुर	श्री शिखरचंद जैन, श्री पारस जैन	सुनीता अजमेरा, अंकिता बिलाला, मीनू गंगवाल, बरखा गोधा
16.	श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-3, मालवीय नगर, जयपुर	श्री सी एल जैन	सुमन पाटनी, अंतिमा जैन, ज्ञानचन्द लुहाड़िया
17.	श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालयय, गणेश मार्ग वापू नगर, जयपुर	श्री तारा चन्द पाटनी, श्री जितेन्द्र कुमार जैन	सुरेन्द्र मोदी, संजय पाटनी, महावीर कुमार जैन, रवि सेठी
18.	श्री 1008 नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, नेमीसागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर	श्री जे. के. जैन, श्री प्रदीप निगोतिआ	मंजू सेठी, अर्चना निगोतिया, दीपिका गंगवाल, पूजा जैन
19.	श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर-7, मालवीय नगर, जयपुर	श्री गिरीश जैन, श्री संजय जैन	मिथिलेश जैन, रिचा जैन, अनीता सेठी, डिंपल जैन
20.	श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर राजावत फार्म, एसएफएस, मानसरोवर, जयपुर	श्री राजेश काला, श्री सौभागमल जैन	उर्मिला पाटनी, प्रतिभा पाटनी, चंदा छाबड़ा, . शिखा सोगानी, नीता काला
21.	श्री जनकपुरी जैन मंदिर इमली फाटक, जयपुर	श्री पदम जैन बिलाला, श्री देवेंद्र कासलीवाल	सुरेश शाह, राजेंद्र ठोलिया
22.	श्री चंदाप्रभु दिगंबर जैन मंदिर बरकत नगर, जयपुर	श्री चक्रेश जैन, श्री निर्मल जैन	अनीता जैन, मीरा सेठी, सुशीला जैन, सुनीता जैन
23.	श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, मालवीय नगर, सेक्टर-10, जयपुर	श्री हरकचंद लुहाडिया, श्री रामपाल बैद	रूचिका कासलीवाल, उषा पाण्ड्या, कल्पना बेद, सरोज पापड़ीवाल, अनीता रांवका
24.	श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पार्श्वनाथ कॉलोनी, निर्माण नगर, जयपुर	श्री चंदनमल जैन, श्री पद्मचंद गंगवाल	कांता जैन, सुनीता जैन, शांति सेठी, राजरानी गंगवाल
25.	श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन महल योजना, जगतपुरा, जयपुर	श्री निर्मला सांघी, श्री अनूप चंद जैन	पिंकल जैन, मोना जैन, अभिषेक सांघी, धीरेन्द्र जैन,
26.	श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर ई-3, गोखले मार्ग, सी- स्कीम, जयपुर	श्री ताराचन्द जैन, श्री संजय छाबड़ा	सुरभि लुहाडिया, मोनिका बगड़ा, नीलम ठोलिया, ज्योति छाबड़ा
27.	श्री दिगंबर जैन मंदिर आनंद गार्डन, बज की नसियाँ	श्रीमती अंजना शाह, श्रीमती किरण दीवान	सुशीला बज, सुनीता सौगानी, शिल्पा बज, टीना जैन
28.	श्री मुनिसुव्रत नाथ दिगंबर जैन मंदिर मंगलम सिटी, कालवाड़ रोड, जयपुर	श्री दिनेश बड़जात्या	हेमलता जैन, ऋतु जैन, नीतू जैन, पारूल जैन
29.	श्री केसरिया पारसनाथ मंदिर जय नगर, केसर चौराहा, जयपुर	श्री महावीर कासलीवाल, श्री नरेश जैन,	उषा बड़जात्या, सुमन जैन, अनिला जैन, शिवलू जैन मोना झांझरी
30.	श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मीरा मार्ग, मानसरोवर, जयपुर	श्री सुशील पहाडिया, श्री राजेंद्र सेठी	संस्कृति जैन, ज्ञानमती जैन, मंजू पाटनी, सुभाष चौधरी
31.	श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर मांग्यावास, मानसरोवर, जयपुर	श्री प्रकाश चन्द सौगानी, श्री दिनेश गंगवाल	सुरूचि भौंच, कमलेश पाटनी, नेहा गंगवाल, पूजा छाबड़ा
32.	श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट, मानसरोवर, जयपुर	श्री पवन नगीने वाले, श्री अनिल जैन, नसीराबाद	भंवरी देवी जैन, मीना सेठी, नीलम जैन, सुनीता जैन, कांता जैन, ममता जैन
33.	श्री दिगंबर जैन मंदिर मोहनबाड़ी, जयपुर	श्री राजेन्द्र बिलाला, श्री नरेन्द्र जैन	सरोज बाकलीवाल, शकुन जैन, अजय गोधा, अरूण सोगानी
34.	श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर सिद्धार्थ नगर, जयपुर	श्री पारस जैन आगरा वाले, श्री आशीष जी छाबड़ा	विद्युत लुहाड़िया, रेनू लुहाड़िया, प्रियंका कासलीवाल, सोनिया चांदवाड़
35.	श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर श्याम नगर, जयपुर	श्री प्रदीप चूड़ीवाल, श्री पारस गंगवाल	कल्पना जैन, सुमन जैन, निर्मला चूड़ीवाल
36.	श्री चंदाप्रभु दिगंबर जैन मंदिर शांति नगर, दुर्गापुरा, जयपुर	श्री सुशील गोधा, श्री सुनील बिलाला	अरुणा छाबड़ा, शशि कोठारी, शानू सोगाणी,
37.	1008 श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर विवेक विहार, जयपुर	श्री अनिल कुमार जैन आई.आर.एस., श्री अरूण कुमार जैन	मैना कासलीवाल, अलका जैन, रौनक जैन, सुनीता कासलीवाल
38.	1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर शांति विहार कॉलोनी, कल्याण नगर, जयपुर	श्री उत्तम राणा, श्री दिनेश धाडूका	मीना गोधा, शैला धाडूका, मोना बोहरा
39.	श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघी जी, सांगानेर, जयपुर राजस्थान	श्री महावीर प्रसाद बज, श्री नरेन्द्र पाण्ड्या	एकता बज, नीतू पाटौदी, प्रियंका पाण्ड्या, माया जैन
40.	श्री विद्यासुधा पाठशाला अन्तर्गत श्री शांतिवीर दिगम्बर जैन, अहिंसा ट्रस्ट, पद्मावती कॉलोनी, निर्माण नगर, जयपुर		मनीष बड़जात्या श्रीमती विमला ठोलिया, निधि बड़जात्या, डॉ. सुनील जैन,
41.	एस. बी. हाईट्स, केसर चौराहा, जयपुर	श्रीमती मोना झांझरी, श्री शिवलू जैन	देवेन्द्र झांझरी, उषा बड़जात्या, मोना झांझरी

शिविर दिनांक 15 मई से 30 मई 2024 आयोजित

जैन धर्म एवं संस्कृति की अक्षुण्ण परम्परा, श्रमण संस्कृति के सम्पोषण एवं जिनवाणी के तत्त्व ज्ञान के प्रचार प्रसार के लिए श्रावकों को संस्कारित करने हेतु श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर, जयपुर (राज.) द्वारा प्रतिवर्ष संपूर्ण देश एवं विदेशों में ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर पूज्य आचार्य श्री १०८ विद्यासागर जी महाराज के त्याग तपस्या को समर्पित उपकार महोत्सव के रूप में धार्मिक संस्कार शिविरों का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष ग्रीष्मावकाश में आयोजित किया जा रहा है। आप सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से निवेदन है कि अपनी कॉलोनी, ग्राम, शहर में सभी उक्त शिविर के माध्यम से धर्म का प्रचार प्रसार करते हुए सच्चे जिनधर्म प्रभावक बन धर्म प्राभावना करें एवं धर्म लाभ लें।

शिविर के माध्यम से पढाये जाने वाले ग्रंथ

जैन धर्म शिक्षा भाग प्रथम व द्वितीय, छहढाला, द्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, तत्त्वार्थसूत्र, भक्तामर स्तोत्र, रत्नकरण्डक श्रावकाचार, आदि । इसके अतिरिक्त समाज के सुधी श्रावकों की अनुशंसा पर अपेक्षित ग्रंथो की कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा।

विशेष आकर्षण - रत्नाकर पुरस्कार

प्रत्येक मंदिर से प्रत्येक विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों की पुनः परीक्षा ली जाएगी फिर उसमें प्रथम आने वाले को पंडित रतन लाल जी बैनाडा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जिसकी राशिं रू. 2100 व शील्ड दी जायेगी।

श्रुत पंचमी दिवस दिनांक 24 मई 2023 श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम मंदिरों में जिन वाणी का रख-रखाव और जिन वाणी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

सूचना

1. शिविर में बेस्ट तीन मंदिरों का चयन किया जाएगा, शिविर की व्यवस्था और शिविर में प्रतिदिन उपस्थित अधिकतम युवक-युवतियों की संख्या होने पर अन्य गतिविधियों के साथ 2-3 बार क्लासेज लगाने पर बेस्ट मंदिर को पुरस्कृत किया जायेगा।
2. शिविर में अल्पाहार में जमींकंद और अभक्ष्य वस्तुओं का और रात्रि में किसी भी प्रकार की अन्न की वस्तुएं वितरित ना करें।
3. शिविर में 8 साल तक के बच्चों की मौखिक परीक्षा ली जाएगी, 8 वर्ष से अधिक उम्र वाले बच्चों की लिखित परीक्षा ली जाएगी।
4. पूर्व में सूचना देने पर पूरे देश में कहीं भी शिक्षकों की व्यवस्था पढने वालों की अच्छी संख्या होने पर संस्थान के द्वारा की जायेगी।
5. जो जिस कक्षा को उत्तीर्ण कर चुके हैं वे उसके आगे की कक्षा में प्रवेश लें।
6. प्रत्येक शिविर स्थल पर परम पूज्य समाधिष्ठ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के जीवन से संबन्धित विषयों पर अथवा संस्मरणों पर 10 मिनिट की प्रस्तुति देना है। श्रेष्ठ प्रस्तुति को विशेष पुरस्कार प्रदान किया जायेगा एवं समापन के दिन उस प्रस्तुति को प्रदर्शित भी किया जायेगा।

जयपुर शिविर प्रभारी

विदुषी कु. अनुभा जैन, विदुषी कु. भव्या जैन, विदुषी ब्र. दृष्टि जैन, विदुषी ब्र. आन्या जैन
श्रीमती विनीता बोहरा - मो. 9413489973

शिरोमणि संरक्षक / परामर्शक
जैन गौरव श्री अशोक पाटनी
मदनगंज-किशनगढ़

शिरोमणि संरक्षक /सह- परामर्शक
श्री तरुण काला
मुंबई

अधिष्ठाता
डॉ. जय कुमार जैन
मुजफ्फर नगर

निर्देशक
डॉ. शीतलचन्द जैन
जयपुर

अध्यक्ष
श्री शांति कुमार जैन
जयपुर

कार्याध्यक्ष
श्री प्रमोद जैन 'पहाड़िया'
जयपुर

मानद् मंत्री
श्री सुरेश कुमार जैन
सांगानेर

कोषाध्यक्ष
श्री ऋषभ कुमार जैन
श्याम नगर

संत श्री सुधासागर बालिका महाविद्यालय एवं छात्रावास

परामर्शक
श्रीमती सुशीला पाटनी व्रती
श्रीमती शान्ता पाटनी
मदनगंज-किशनगढ़

अधिष्ठात्री
श्रीमती शीला जैन (डोड्या)
जयपुर

निदेशिका
डॉ. वन्दना जैन
जयपुर

गौरव अध्यक्षा
श्रीमती तारिका पाटनी
आर.के. मार्बल, उदयपुर

अध्यक्षा
श्रीमती रेणु राणा
जयपुर

उपाध्यक्षा
श्रीमती नीना पहाड़िया
जयपुर

उपाध्यक्षा
श्रीमती रजनी काला
मुम्बई

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल एवं संयुक्त महिला संभाग समस्त पदाधिकारीगण

अ. भा. श्रमण संस्कृति महिला महासमिति, सांगानेर, जयपुर (राज.)

परम संरक्षक शिरोमणि
श्रीमती सुशीला, श्रीमती शांता, श्रीमती तारिका पाटनी
मदनगंज- किशनगढ़ राज.

राष्ट्रीय अध्यक्ष व संस्थापक
श्रीमती शीला जैन डोडिया, जयपुर
93141 73436

अंचल परामर्शक	अंचल अध्यक्ष	अंचल महामंत्री	अंचल कोषाध्यक्ष	अंचल महिला प्रकोष्ठ मंत्री	अंचल युवा प्रकोष्ठ मंत्री
डॉ. वंदना जैन	श्रीमती शालिनी बाकलीवाल, जयपुर	श्रीमती डिंपल गदिया, नसीराबाद	श्रीमती विद्युत लुहाड़िया, जयपुर	श्रीमती मधु पाटनी, अजमेर	श्रीमती नीता गदिया, केकड़ी

शिविर संयोजिका श्रीमती सुशीला जी छाबड़ा, मंजू जैन सेवा वाले, नीता जैन, अंजना जैन, तारामणि गोधा, चंदा सेठी, नीना गदिया, रचना बाकलीवाल, आशा अग्रवाल, कांता जैन, किरण बगड़ा, मैना कासलीवाल , स्नेहलता शाह, विनीता जैन बोहरा, भंवरी जैन, विनीता अजमेरा, अनीता लुहाडिया, रेनू पांडया, अनिला जैन बास्को, पिंकी शाह, शिखा बिलाला, सुनीता जैन, वंदना सेठी, अलका जैन पांड्या, अंजना शाह

मुख्य संयोजक
श्री उत्तमचन्द पाटनी
मो. 9414053178

संस्थान प्रभारी
पं. विकास सिंघई 93140 50108
पं. सतीश जैन 99283 71108
पं. दीपक जैन 96602 88986

मुरलीपुरा क्षेत्र में धूमधाम से निकला अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का जुलुस

जयपुर. शाबाश इंडिया

